## मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर, स्वच्छता साथी – वॉश ऑन व्हील्स (WoW) मोबाइल ऐप का शुभारंभ

माननीय मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 01 नवंबर 2025 को भोपाल मे आयोजित कार्यक्रम मे **स्वच्छता साथी – वॉश ऑन व्हील्स (WoW)** मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया गया। **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)** के अंतर्गत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग हेतु एनआईसी मध्यप्रदेश द्वारा डिज़ाइन और विकसित यह अभिनव मोबाइल-आधारित स्वच्छता सेवा; ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा सफाई मानकों में सुधार लाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के 55 जिलों मे शुरू की गई है।

WoW प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से ग्रामीण परिवार अपने घर पर **शौचालय सफाई सेवाएँ** बेहद सरल और आसान प्रक्रिया से मोबाइल एप्लिकेशन के द्वारा बुक कर सकते हैं। उपयोगकर्ता सेवाओं को **शेड्यूल** कर सकते हैं, अपनी सेवा अनुरोध की स्थिति **ट्रैक** कर सकते हैं तथा तैनात स्वच्छता साथियों की जानकारी वास्तविक समय में देख सकते हैं। मानकीकृत सफाई प्रक्रियाओं, कीटाणुनाशकों के उचित उपयोग और सुरक्षित अपशिष्ट निस्तारण के माध्यम से यह पहल स्वच्छता और गुणवत्ता के कठोर मानकों का पालन सुनिश्चित करती है।

सेवा प्रदायगी से आगे बढ़कर, WoW प्रयोग द्वारा व्यवहार परिवर्तन प्रोत्साहन की भी आशा है , जिससे ग्रामीण समुदाय नियमित शौचालय स्वच्छता की आदतें अपनाएंगे और दुर्गंध, जाम तथा संक्रमण की रोकथाम हो सकेगी । यह पहल ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षित स्वच्छता साथियों को संलग्न कर स्थानीय **रोजगार सृजन** में भी सहायता करेगी , जिससे ग्रामीण स्वच्छता तंत्र सशक्त होगा और युवाओं के लिए आजीविका के अवसर बढ़ेंगे

वॉश ऑन व्हील्स का शुभारंभ, स्वच्छ भारत मिशन के तहत अब तक प्राप्त उपलब्धियों को **सतत बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम** है—जिससे गांव रहें और अधिक स्वच्छ, परिवार हों स्वस्थ, तथा गरिमापूर्ण स्वच्छता सेवाएँ घर-घर तक पहुँच सकें।




माननीय मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश श्री मोहन यादव द्वारा स्वच्छता साथी – वॉश ऑन व्हील्स (WoW) मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ ।

## Launch of Swachhata Saathi – Wash On Wheels (WoW) Mobile App on MP foundation Day

The Hon'ble Chief Minister, Government of Madhya Pradesh, launched the **Swachhata Saathi – Wash On Wheels (WoW)** mobile application under the Department of Panchayat and Rural Development on the occasion of **Madhya Pradesh Foundation Day** on 01 November 2025. Designed and developed by **NIC Madhya Pradesh** under the **Swachh Bharat Mission (Grameen)**, this innovative mobile-based sanitation service has been initiated with the objective of improving cleanliness, public health, and hygiene standards in rural areas covering all 55 districts of madhya pradesh .

The WoW platform shall enable rural households to **book doorstep toilet cleaning services** through a simple and user-friendly mobile application. Users can schedule services, track the status of their request, and view assigned Swachhata Saathis in real time. By ensuring standardized cleaning practices, proper disinfectant use, and safe waste disposal, the initiative upholds strict quality and hygiene protocols.

Beyond service delivery, WoW is expected to encourage behavioural change, encouraging regular toilet hygiene maintenance and improved sanitation habits to prevent foul odours, blockages, and disease spread. The initiative shall also support **local employment generation** by engaging trained Swachhata Saathis at the village level, thus strengthening the rural sanitation workforce and enhancing livelihood opportunities.

The launch of Wash On Wheels marks a significant stride toward sustaining the progress achieved under the Swachh Bharat Mission—ensuring **cleaner villages, healthier communities, and dignified sanitation services delivered directly at the doorstep**.




Launch of WOW Mobile App by H'ble CM of Madhya Pradesh Shri Mohan Yadav.

कार्यक्रम की झलकियाँ







NICMP Team with Smt Deepali Rastogi, ACS , Panchayat and Rural Development Department , GoMP




WoW stall in Exhibition

संकलन: दीपक व्यास

संयुक्त निदेशक (IT),

एनआईसी मध्यप्रदेश राज्य केंद्र